>

Title: Need to give compensations to farmers belonging to Jammu region whose agricultural land lies beyond fencing area on border.

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का और विशेष तौर पर गृह मंत्रालय का ध्यान उन देशभक्त लोगों की तरफ दिलाना चाहता हूँ, जो भारत-पाक सीमा पर रहते हैं । ये लोग सांबा, जम्मू, अखनूर, राजौरी और पुंछ क्षेत्र के रहने वाले हैं और सीमा पर रहते हैं। पाकिस्तान की गोलियों का भी सामना करते हैं, मारे भी जाते हैं और जख्मी भी हो जाते हैं । भारत-पाक सीमा पर जो कांटेदार तार लगाए गए हैं, तार के उस पार किसानों की ज़मीन है । यह खेती योग्य ज़मीन है, लेकिन वहाँ पर वे खेती नहीं कर सकते । विडम्बना की बात यह है कि कई बार यह मुद्दा सदन में उठाने के बावजूद भी उन्हें मुआवज़ा नहीं दिया जाता है । उन किसानों का क्या कसूर है, जो बिना हथियार के बॉर्डर पर डटे हुए हैं और वह भी देश भक्ति का सबूत है । वे पाकिस्तान की गोलियों का शिकार भी होते हैं । मेरी आपके माध्यम से प्रार्थना है कि सरकार उन्हें जल्द से जल्द कांटेदार तार के उस पार जो उनकी ज़मीन है, उसका मुआवज़ा दिलाए । वहाँ से सूची मँगवाए ताकि वे लोग चैन की नींद सो सकें । जो खेती-बाड़ी से गुज़ारा करते हैं, वे मुआवज़े से गुज़ारा कर सकें ।

HON. CHAIRPERSON: Shrimati Rekha Verma, Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Dr. Sanjay Jaiswal, Shri Nihal Chand and Shri Ajay Kumar are permitted to associate with the issue raised by Shri Jugal Kishore Sharma. Those who have associated with the speeches made, please give slips at the Table so that your name can come on record.